तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, बुधवार 27 मई 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोंड़ीउपरोड़ा

4 निजी खाद दुकानों के साथ सहकारी समितियों की भी हुई जांच पड़ताल



## खबर संक्षेप

### 20 गांव के ग्रामीण करेंगे चक्काजाम आंदोलन

**कोरबा।** ग्राम तौलीपाली, कुदमुरा, चचिया, जिल्गा, कटकोना, बरपाली, शनिडेरा, वासीन, रनगढहा, सोल्वा, छुईढोढा जैसे 20 गांव में करतला सब स्टेशन से बिजली की सप्लाई होती है आए दिन हमेशा बिजली घंटो बंद रहती है हम क्षेत्रवासी इस भीषण गर्मी से अत्यंत परेशान है पूर्व में बिजली सबस्टेशन की मांग की जा चूकी है लेकिन हमारी मांगो का नजर अंदाज किया गया है. इस कारण कुदमुरा चौक में बिजली की समस्या एवं मांगों को लेकर 29 मई को समय सुबह 10 बजे से सडक पर उतर कर शांतिपूर्ण प्रदर्शन आंदोलन का प्रदर्शन करते हुए चक्काजाम किया जाएगा। जिसकी सम्पूर्ण जवादारी शासन प्रशासन की होगी। ज्ञापन में मांग की गई है जिनमें क्षेत्र में बिजली की नवीन 33/11 के.व्ही. सब स्टेशन की स्वीकृति, हाथों प्रभावित क्षेत्र में निर्बाध बिजली की सप्लाई की मांग की गई है।

### प्री.डी.एल.एड. प्रवेश परीक्षा 4 जून को

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल, रायपुर द्वारा आयोजित प्री.डी.एल.एड. प्रवेश परीक्षा 4 जून को प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 12.15 बजे तक जिले के 23 परीक्षा केन्द्रों में संपन्न होगी, जिसमें कुल 7116 परीक्षार्थी शामिल होगें। परीक्षा के सफल संचालन हेतु व्यापम के निर्देशों के तहत सभी आर्जर, केन्द्राध्यक्ष एवं उड़नदस्ता दल को विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थीओं के लिए निर्देश जारी किया गया है। जारी निर्देश के अनुसार परीक्षा 10 बजे से अपरान्ह 12.15 बजे तक आयोजित होगी।

### रेडियोग्राफर भर्ती हेतु पात्र-अपात्र सूची जारी

**कोरबा।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला कोरबा द्वारा जिला खनिज न्यास मद अंतर्गत रेडियोग्राफर के 6 पदों (अनारक्षित 2, अनुसूचित जाति 1, अनुसूचित जनजाति 2 एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के 1) पर भर्ती हेतु प्राप्त आवेदनों के आधार पर पात्र एवं अपात्र अभ्यर्थियों की सूची जारी कर दी गई है। सूची कार्यालयीन सूचना पटल तथा जिला कोरबा की आधिकारिक वेबसाइट पर अवलोकनार्थ उपलब्ध करा दी गई है। अभ्यर्थी सूची का सूक्ष्म परीक्षण कर आवश्यक दस्तावेजों सहित अपना दावा-आपत्ति 5 जून सायं 5 बजे तक कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं।

### बकरीद का अवकाश कल

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ शासन ने ईद-उल-जुहा (बकरीद) के अनिवार्य सार्वजनिक अवकाश की तिथि में आंशिक संशोधन किया है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा मंगलवार को इस संबंध में संशोधित अधिसूचना जारी कर दी गई है। पूर्व में जारी अधिसूचना के तहत ईद-उल-जुहा (बकरीद) का सार्वजनिक अवकाश 27 मई को घोषित किया गया था। राज्य शासन ने उक्त आदेश में संशोधन करते हुए बकरीद का सार्वजनिक एवं सामान्य अवकाश 27 मई के स्थान पर 28 मई को घोषित किया है।

### अग्निवीर भर्ती में 1163 अभ्यर्थियों को मिली सफलता

**कोरबा।** सेना भर्ती कार्यालय रायपुर द्वारा जनवरी माह में धमतरी में आयोजित भारतीय सेना अग्निवीर भर्ती के लिए विभिन्न पदों का परिणाम दिनांक 25 मई को घोषित कर दिया गया है जिसमें छत्तीसगढ़ के 1163 युवाओं को सफलता प्राप्त हुई है। यह परिणाम भारतीय सेना के वेबसाइट पर उपलब्ध है तथा सेना भर्ती कार्यालय रायपुर (छ0ग0) के नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित किया गया है। सभी उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को 28 मई को सुबह 7 बजे सभी मूल दस्तावेजों के साथ सेना भर्ती कार्यालय रायपुर (छ0ग0) जो कि शहीद वीर नारायण सिंह अंतराष्ट्रीय स्टेडियम नया रायपुर के पास स्थित है, में प्रारंभिक निर्देशों के लिए उपस्थित होने निर्देषित किया गया है।

# लाइवलीहुड कॉलेज में माइनिंग मशीनरी का मिलेगा प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

लाइवलीहुड कॉलेज को अपडेट करने की दिशा में प्रशासन के द्वारा सुविधाएं बढ़ायी जा रही है। इसके तहत ऐसे ट्रेड शुरू किए जाएंगे जिससे लोगों को रोजगार मिलेगा। इनमें माइनिंग मशीनरी का प्रशिक्षण शामिल है।

जिले में लाइवलीहुड कॉलेज में इस समय रोजगारमूलक विभिन्न तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। जिससे स्वरोजगार के लिए अभ्यर्थियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। शासन की विश्वकर्मा योजनान्तर्गत सैकड़ों अभ्यर्थियों को परंपरागत व्यवसाय के प्रशिक्षण दिए गए हैं। इसके साथ ही सामग्रियां भी उपलब्ध कराई गई हैं। उसके बाद भी कई अभ्यर्थी बेरोजगार घूम रहे हैं। अब लाइवलीहुड कॉलेज को गैर तकनीकी के साथ तकनीकी ट्रेड से भी जोड़ा जाएगा। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने लाइवलीहुड कॉलेज को माइनिंग मशीनरी ऑपरेटर का कोर्स शुरू करने की तैयारी शुरू की है। इसके लिए कॉलेज में आवश्यक संसाधन डीएमएफ से उपलब्ध कराए जाएंगे। लाइवलीहुड कॉलेज को भी मिनी आईटीआई की तर्ज पर तैयार किया जा सके इस उद्देश्य से माइनिंग मशीनरी ऑपरेटर के कोर्स शुरू करने की तैयारी की गई है।

## जिला प्रशासन ने कालेज को अपडेट करने शुरू की तैयारी

**खास बातें**

- संसाधन के लिए डीएमएफ से जारी किया जाएगा फंड
- पूर्व में भी चल रहे हैं अनेक प्रशिक्षण कार्यक्रम




### क्षत्र में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे

जिले में एसईसीएल की सर्वाधिक खदानें मौजूद हैं। जहां माइनिंग कार्य के दौरान मशीनरी का उपयोग किया जा रहा है। जिनके लिए दक्ष कुशल श्रमिक उपलब्ध नहीं हो पाते। लाइवलीहुड कॉलेज में माइनिंग मशीनरी आपरेटर कोर्स शुरू होने के बाद प्रशिक्षण प्राप्त करने वालों को खदान के क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध हो सकेंगे। वर्तमान में जिले के किसी भी आईटीआई प्रशिक्षण संस्थान में ऐसा ट्रेड संचालित नहीं है।

## उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधा प्रदान करने विभाग की नई पहल

# अब घर बैठे ही उपभोक्ताओं को मिलने लगा बिजली कनेक्शन, कतार से मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बिजली विभाग ने नया कनेक्शन लेने के लिए उपभोक्ताओं को बार-बार दफ्तर का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। विद्युत वितरण विभाग ने अपने उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधा देने की मंशा से अब उपभोक्ता ऑनलाईन पंजीकरण प्रक्रिया को पूरी तरह से सुगम बना दिया है। अब घर बैठे ही कंपनी की आधिकारिक वेबसाइट या मोबाइल ऐप के माध्यम से उपभोक्ता नए बिजली कनेक्शन के लिए आवेदन कर रहे हैं।

डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी ने उपभोक्ताओं की सेवा में विस्तार करते हुए नए वित्तीय वर्ष से नवीन विद्युत कनेक्शनों के आवेदन प्रक्रिया को पूर्णतः ऑनलाइन करने की सुविधा प्रारंभ की है। अब लोगों को नवीन कनेक्शन के लिए विद्युत कार्यालय जाने की आवश्यकता नहीं होगी। नवीन कनेक्शनों के ऑनलाइन आवेदन मोर बिजली एप एवं सीएससी (कॉमन सर्विस सेंटर) में कंपनी वेबसाइट के माध्यम से भी कर रहे हैं।



फाइल फोटो

### नए कनेक्शन के पंजीयन ऑनलाइन ही होंगे

विद्युत वितरण विभाग के डीई राजेश चौहान ने बताया कि नए वित्तीय वर्ष से सभी नवीन विद्युत कनेक्शनों के आवेदन पंजीकरण की प्रक्रिया पूर्ण रूपेण ऑनलाइन ही की जा रही है। श्री चौहान ने लोगों से अपील किया है कि नवीन कनेक्शन हेतु विद्युत कंपनी की आधिकारिक वेबसाइट में मोबाइल एप्लिकेशन मोर बिजली एप एवं सीएससी (कॉमन सर्विस सेंटर) के माध्यम से अपना पंजीयन करा सकते हैं।

डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी की वेबसाइट पर पंजीकृत ऑनलाइन नवीन कनेक्शनों के आवेदनों पर विद्युत कंपनी द्वारा आगामी कार्यवाही संपादित की जाएगी। ऐसे आवेदक जो आवेदन ऑनलाइन नहीं कर भौतिक रूप से वितरण केन्द्र, जोन, उपसंभाग कार्यालय में प्रस्तुत करते हैं, उनके आवेदनों को ऑनलाइन कनेक्शन वितरण केन्द्र, उपसंभाग, जोन कार्यालयों के हेल्प डेस्क हेतु जिम्मेदार ऑफिस स्टॉफ, कनिष्ठ अभियंता, सहायक अभियंता द्वारा कार्यालय के कम्प्यूटर सिस्टम में ऑनलाइन पंजीबद्ध करना होगा। आवेदक के मोबाइल नम्बर से ही ऑनलाइन पंजीकृत किया जाएगा।

# सूने मकान में चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार, सोने-चांदी के जेवर व बाइक जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

कटघोरा पुलिस ने सुने मकान में चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी गया सोने-चांदी का सामान और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली है।

**खास बात**

- कटघोरा थाना क्षेत्र के ग्राम मोहनपुर के आश्रित गांव घुंचापुर का मामला

जानकारी के अनुसार, कटघोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मोहनपुर के आश्रित ग्राम घुंचापुर निवासी विनोद कुमार सोनवानी (42 वर्ष) ने 25 मई को थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 23 मई को अपने परिवार के साथ एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने घर से बाहर गए हुए थे।


पुलिस गिरफ्त में आरोपी व जप्त सामान।

इसी दौरान अज्ञात चोरों ने विनोद कुमार के सूने घर का फायदा उठाते हुए मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। घर लौटने पर उन्होंने देखा कि मकान का ताला टूटा हुआ था और अंदर रखी ⏭ शेष पेज 3 पर

# बिना नम्बर प्लेट और शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर गिरी गाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

सड़क सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे सजग कोरबा, सतर्क कोरबा अभियान के तहत कटघोरा पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए नगर के मुख्य चौराहे शहीद वीर नारायण चौक पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन चालकों पर चालानी कार्रवाई की गई, जिससे शहर में हड़कंप की स्थिति बन गई।

**खास बात**

- नो एंट्री में घुस रहे भारी वाहनों पर भी चला चालान




थाना प्रभारी कटघोरा निरीक्षक धर्मनारायण तिवारी के नेतृत्व में पुलिस टीम और यातायात विभाग ने संयुक्त रूप से चौक पर सघन जांच अभियान चलाया। चेकिंग के दौरान पुलिस ने बिना नम्बर प्लेट के वाहन, शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों, तेज आवाज करने वाले मॉडिफाइड सायलेंसर लगी बाइकों, तथा शहर के भीतर नो-एंट्री का उल्लंघन कर प्रवेश कर रहे भारी वाहनों की जांच की। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ मौके पर चालानी कार्रवाई की गई। अचानक शुरू हुई इस सघन जांच से वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। कई वाहन चालक पुलिस कार्रवाई से बचने के लिए रास्ता बदलते नजर आए, जबकि कई लोगों को दस्तावेजों की जांच और नियम उल्लंघन के कारण कार्रवाई का सामना करना पड़ा।

थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में लगातार बढ़ोतरी और यातायात नियमों की अनदेखी को देखते हुए यह अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शराब पीकर वाहन चलाना, बिना नम्बर प्लेट वाहन चलाना और मॉडिफाइड सायलेंसर का उपयोग न सिर्फ कानून का उल्लंघन है, बल्कि आम लोगों की सुरक्षा के लिए भी खतरा है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि शहर के भीतर निर्धारित समय में भारी वाहनों की नो-एंट्री व्यवस्था का उल्लंघन करने वालों पर ⏭ शेष पेज 3 पर

# भू धसान से प्रभावित किसानों ने घेरा कटघोरा एसडीएम कार्यालय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल बल्गी सुराकछार खदान के भूधसान से प्रभावित किसानों को विगत तीन वर्षों का फसल क्षतिपूर्ति मुआवजा देने के साथ जमीन को पुनः कृषि कार्य करने योग्य बनाने की मांग को लेकर प्रभावित किसानों ने माकपा और छत्तीसगढ़ किसान सभा के नेतृत्व में कटघोरा एसडीएम कार्यालय के सामने प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की। घेराव से पूर्व ही कटघोरा तहसीलदार प्रभावितों की बात सुनने प्रदर्शन स्थल पहुंचे और प्रभावित किसानों की समस्या को सुना। इस दौरान माकपा प्रतिनिधिमंडल ने समस्या का जल्द समाधान की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा जिसपर कटघोरा तहसीलदार ने उच्च अधिकारियों से चर्चा कर जल्द समस्या के समाधान का आश्वाशन दिया जिसके बाद प्रदर्शन समाप्त हुआ।

**खास बात**

- फसल क्षतिपूर्ति व मुआवजा को लेकर किया धरना प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन


अधिकारियों को ज्ञापन सौंपते प्रभावित किसान।

माकपा जिला सचिव प्रशांत झा ने कहा कि बलगी कोयला खदान की डि-पिल्लरिंग के कारण सुराकछार बस्ती के किसानों की सैकड़ों हेक्टेयर कृषि योग्य भूमि भू-धसान के कारण पूरी तरह से बर्बाद हो गई है। भूमि में दरारें इतनी गहरी है कि वह पूरी तरह खाई में तब्दील हो चुकी है। अब इस जमीन में किसान कोई भी कृषि कार्य नहीं कर पा रहे हैं। इसके एवज में एसईसीएल हर साल किसानों को मुआवजा देता रहा है, लेकिन पिछले तीन सालों में हुए नुकसान का आंकलन कर मुआवजे का भुगतान की प्रक्रिया शुरू नहीं होने से भूधसान प्रभावित किसानों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है और फसल नुकसान का आंकलन राजस्व विभाग को करना है इसलिए माकपा लगातार कई बार ज्ञापन सौंपकर कटघोरा एसडीएम से भूधसान से प्रभावित किसानों को क्षतिपूर्ति मुआवजा दिलाने की मांग करते आ रही है लेकिन इस मामले में अब तक कोई कार्यवाही देखने को नहीं मिला और अब किसानों के पास संघर्ष के अलावे कोई रास्ता नहीं बचा है। एक ओर बढ़ती मंहगाई में गरीब किसानों का जीना मुश्किल है तो दूसरी ओर जिन माध्यमों से किसानों तक कुछ राहत पहुंचाई जा सकती है उसे भी प्रशासन गंभीरता से नहीं ले रही है।

माकपा नेताओ ने कहा कि किसानों को जल्द क्षति पूर्ति मुआवजा नहीं मिला तो आगे और उग्र आंदोलन करेंगे। किसान सभा के जिला सचिव दीपक साहू ने कहा कि जिला प्रशासन और एसईसीएल ने भू धसान के कारण कृषि योग्य जमीन जिसपर किसान कई पीढ़ी से खेती किसानी करते आ रहे हैं जो खराब हो गई है उसे समतलीकरण कर खेती करने योग्य बनाने का आश्वाशन दिया था लेकिन उसे एक दशक से भी ज्यादा समय होने के बाद भी ठीक नहीं किया गया है जिससे किसानों की बची हुई जमीन को भी नुकसान हो रहा है।

## केंद्रीय महामंत्री, कार्यवाहक अध्यक्ष एवं संभाग प्रभारी के आतिथ्य में हुआ सम्मेलन

# कोयला श्रमिकों ने थामा एचएमएस का दामन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोयलांचल क्षेत्र के श्रमिक आंदोलन और संगठन विस्तार के लिए सोमवार का दिन मील का पत्थर साबित हुआ। सोमवार की शाम गेवरा स्थित माताकर्मा मंदिर भवन में कोयला मजदूर सभा द्वारा श्रमिक सम्मेलन सह सदस्यता ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस समागम में गेवरा, दीपका और केंद्रीय कर्मशाला क्षेत्र के सैकड़ों कोयला कामगारों ने एक साथ कोयला मजदूर सभा की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण कर संगठन के प्रति अपना अटूट विश्वास व्यक्त किया। जिनका परंपरागत स्वागत और साफी पहनाकर अभिनंदन किया गया।


संभागीय प्रभारी का स्वागत करते हुए।

सर्वप्रथम स्थानीय पदाधिकारियों द्वारा मुख्य अतिथि कोयला मजदूर सभा के क्षेत्रीय महामंत्री नाथूलाल पाण्डेय एवं अध्यक्षता में बतौर संभागीय प्रभारी केदारनाथ अग्रवाल का स्वागत किया गया। इसके बाद संगठन में शामिल होने वाले सैकड़ों नए सदस्य श्रमिकों का मंच पर अतिथियों द्वारा कोयला मजदूर सभा की पारंपरिक साफी एवं माला पहनाकर अभिनंदन किया गया और उन्हें कोयला मजदूर सभा परिवार में शामिल किया गया। इस सभा का संचालन दीपका क्षेत्र के श्रमिक नेता गिरिजा साहू द्वारा किया गया। कार्यक्रम में गेवरा, दीपका और सीईडब्ल्यूएस गेवरा क्षेत्र के सभी शीर्ष पदाधिकारी एवं सदस्य प्रमुख रूप से मौजूद रहे, जिसमें मुख्य रूप से गेवरा क्षेत्र से हाउसिंग सदस्य दीपक कुमार दुबे एवं सुशील पाण्डेय, सुरक्षा ⏭ शेष पेज 3 पर



खबर संक्षेप

### यूपीएससी ने 194 पदों पर निकाली भर्ती

**बिलासपुर।** संघ लोक सेवा आयोग ने विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों में ग्रुप ए और ग्रुप बी के 194 पदों पर भर्ती निकाली है। इस भर्ती के माध्यम से डीजीसीए, पीईएसओ, डाक विभाग, आईएमएडी, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, रक्षा मंत्रालय, एमएसएमई मंत्रालय सहित कई विभागों में भर्ती की जाएगी। उम्मीदवार यूपीएससी की ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

### सीटेट के लिए आवेदन 10 जून तक

**बिलासपुर।** सीबीएसई ने सीटेट के लिए आधिकारिक नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। सीटेट परीक्षा 6 सितंबर को होगी। इसके ऑनलाइन आवेदन शुरू हो गए हैं। आवेदन 10 जून की मध्य रात्रि तक होंगे। शुल्क भी 10 जून तय की गई है। ऑनलाइन सुधार के लिए 15 से 18 जून तक विंडो खुलेगा। परीक्षा ऑफलाइन होगी।

### सेना भर्ती परीक्षा 1 जून से दो चरणों में

**बिलासपुर।** भारतीय सेना ने भर्ती साल 2027 के लिए आयोजित होने वाली ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा की तिथियों की घोषणा कर दी है। यह परीक्षा 1 जून से 5 जून 2026 तक और 8 जून से 12 जून 2026 तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड जारी किए जाने की प्रक्रिया भी शुरू हो चुकी है। परीक्षा के लिए बिलासपुर, रायपुर, भिलाई, दुर्ग और जगदलपुर समेत 5 शहरों में कुल 10 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा प्रतिदिन 3 से 4 शिफ्टों में आयोजित होगी। पंजीकृत अभ्यर्थी भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। भारतीय सेना ने स्पष्ट किया है कि भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी है और चयन केवल मेरिट के आधार पर किया जाएगा। अभ्यर्थियों और उनके अभिभावकों से अपील की गई है कि वे नौकरी दिलाने का दावा करने वाले दलालों और बिचौलियों से सावधान रहे।

### 3 युवकों पर धारदार हथियार से हमला

**बिलासपुर।** ढाबा में खाना गए तीन युवकों के साथ 6 - 7 युवकों ने



जबरिया गाली गलौज कर डंडा, पाइप, पत्थर से मारपीट करते हुए धारदार हथियार से हमलाकर जख्मी कर दिया है। पुलिस ने हमलावरों को गिरफ्तार लिया है। सकरी पुलिस के अनुसार, तारबाहर शीतला मंदिर निवासी हर्ष पटेल पिता लाखन सिंह पटेल अपने दोस्त आदित्य मुदलियार, आदित्य साहू के साथ 25 मई की रात सकरी भवानी ढाबा खाना खाने गए थे। रात 2 बजे खाना खाने के बाद तीनों ढाबा से बाहर निकले। बाहर में खड़े 6 से 7 युवक उनके साथ जबरिया गाली गलौज करने लगे। उन्होंने गाली देने से मना किया तो युवकों ने डंडा, पाइप, पत्थर से मारपीट कर धारदार हथियार से हमला कर तीनों युवकों को जख्मी कर दिया है। उनका मोबाइल जमीन में पटकर तोड़ दिया है। हर्ष पटेल हमलावरों में एक युवक सुमित यादव को पहचानता है। पुलिस ने हर्ष की रिपोर्ट पर सुमित यादव व अन्य के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 191, 2, 296, 324, 4, 351, 3 के तहत जुर्म दर्ज कर आरोपी सुमित यादव पिता गोविंद यादव अशोक नगर सरकंडा निवासी को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं ढाबा संचालक राजकुमार पमनानी जबड़ापारा, उमेश शर्मा कुदुदंड, निशांत गुप्ता तारबाहर निवासी को गिरफ्तार कर प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है।

लेटलतीफी

छोटे-से-छोटे काम के लिए भी प्रशासनिक स्वीकृति और निर्माण एजेंसियों पर निर्भरता पड़ रही भारी

# सालों से अटके हैं करोड़ों के कई काम, अब स्कूलों में सुधरेंगे जर्जर शौचालय और भवन

**बिलासपुर।** जिले सहित प्रदेश के सरकारी स्कूलों में छोटे निर्माण और मरम्मत कार्यों में होने वाली लेती लतीफी को खत्म करने के लिए स्कूल शिक्षा विभाग एक बड़ा कदम उठाने जा रहा है। विभाग अब शाला विकास समिति (एसएमसी) को वित्तीय रूप से अधिक अधिकार देने की तैयारी में है।

विभागीय सूत्रों के अनुसार, अब एसएमसी को 2 लाख रुपए तक के निर्माण और मरम्मत कार्य सीधे खुद कराने का अधिकार देने पर शासन स्तर पर गंभीरता से विचार चल रहा है। इस प्रस्ताव के लागू होने से स्कूल स्तर पर ही शौचालय निर्माण, अतिरिक्त कक्ष, पेयजल व्यवस्था और भवन मरम्मत जैसे कार्य बेहद तेजी से स्थानीय स्तर पर कराए जा सकेंगे। ध्यान रहे कि वर्तमान में छोटे-से-छोटे काम के लिए भी प्रशासनिक स्वीकृति और निर्माण एजेंसियों पर निर्भर रहना पड़ता है, जिससे काम महीनों और सालों तक अटके रहते हैं। अब इस नई



**इस तरह के काम अटके पड़े**

- प्रदेश में लगभग 300 छात्रावासों के काम अटके हैं
- 350 से अधिक स्कूलों में शौचालय के काम अधूरे या लंबित
- करीब 4 हजार स्कूल भवनों से जुड़े कार्य अभी भी लंबित हैं
- वर्ष 2024-25 और 2025-26 के कार्य बजट होने के बावजूद पूरे नहीं

व्यवस्था के तहत बच्चों की संख्या के आधार पर एसएमसी अध्यक्ष और सचिव की नियुक्ति प्रक्रिया में भी बदलाव किया जा सकता है। समिति को पारदर्शी और मजबूत बनाने के लिए इसमें महिलाओं की 50 फीसदी भागीदारी अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करने की तैयारी है। इससे स्कूलों के प्रबंधन में पालकों (अभिभावकों) की भूमिका और मजबूत होगी।

### छोटे कामों को प्राथमिकता नहीं देतीं एजेंसियां

जानकारी के मुताबिक वर्तमान व्यवस्था में स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकांश सिविल (निर्माण) कार्य कलेक्टर के माध्यम से निर्माण एजेंसियों (जैसे पीडब्ल्यूडी या आरईएस) को दिए जाते हैं। लेकिन बड़ी एजेंसियां इन छोटे-छोटे निर्माण कार्यों को प्राथमिकता नहीं देतीं, जिससे राशि स्वीकृत होने के बाद भी काम वर्षों तक धूल खाते रहते हैं। इसलिए शाला विकास समितियों को 2 लाख रुपए तक के निर्माण कार्यों का अधिकार दिए जाने पर फैसला लिया जा रहा है।

### प्रदेश में 38 हजार सरकारी स्कूल

गौरतलब है कि वर्तमान में प्रदेश में करीब 38 हजार सरकारी स्कूल संचालित हैं। इनमें लगभग 22,400 प्राथमिक, 11,000 मिडिल, 1,800 हाईस्कूल और 2,900 हायर सेकेंडरी स्कूल शामिल हैं। नई व्यवस्था लागू होने पर स्कूल स्तर पर ही बुनियादी जरूरतों (शौचालय, पेयजल, अतिरिक्त कक्ष, भवन मरम्मत और खेल सामग्री) पर तुरंत निर्णय लिया जा सकेगा।

### जल्द ही प्रदेश भर में लागू होगा

शाला विकास समितियों को 2 लाख रुपए तक के निर्माण कार्यों का अधिकार देने पर गंभीरता से विचार चल रहा है। उच्च अधिकारियों से अंतिम निर्देश प्राप्त होते ही इसे प्रदेशभर में लागू किया जाएगा।

- किरण कौशल, आयुक्त, समग्र शिक्षा मिशन, छग

बीती रात नर्मदा नगर क्षेत्र में केबल जलने के कारण 5 घंटे बंद रही बिजली

# शाम होते ही कई इलाकों में छाया अंधेरा लोड बढ़ते ही ट्रांसफार्मर की निकल रही हवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

लोगों के मुंह से हाय गर्मी के साथ ही हाय बिजली निकलने लगी है, जैसे-जैसे तापमान उपर जा रहा है, ट्रांसफार्मर जवाब देने लगा है। वहीं लाइनमेन की समस्या से जुझ रहे विभाग के पास सुधार कार्य में हो रही देरी का जवाब भी नहीं है। ऐसे में उपभोक्ताओं का गुस्सा लगातार फूट रहा है।

- सुबह से जारी रही बिजली की आंख मिचौली

बीती रात नेहरू नगर सबस्टेशन से महज एक किलो मीटर की दूरी में स्थित नर्मदा नगर में रात 9 से 2 बजे तक बिजली बंद रही, इस दौरान इसे सुधार कार्य के लिए कर्मचारी तक नहीं थे, जिसे चलते मरम्मत में देरी हुई है, गर्मी का पारा 45 डिग्री होने के कारण उपभोक्ताओं के सब्र का बांध भी टूटने लगा है। इसके साथ ही मंगलवार की शाम आई ट्रीपिंग की वजह से इंदू चौक, मंदिर चौक, अज्ञेय नगर, मसानगंज, लिंक रोड, राजेन्द्र नगर चौक जैसे इलाकें अंधेरे में डूबे रहे। इस दौरान उपभोक्ताओं ने फ्यूज कॉल नंबर पर संपर्क किया लेकिन उन्हें कोई जवाब नहीं मिल सका। खास बात यह है कि नेहरू नगर डिवीजन के अधिकारी भी फोन नहीं उठाएं जिसके चलते उपभोक्ताओं को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा है।





### मसानगंज में बिजली की आंखमिचौली

मसानगंज में लोड का असर काफी बढ़ गया है, कम क्षमताओं के ट्रांसफार्मर लगातार खराब हो रहे है, वहीं डियो खराब होने के कारण बिजली की आंखमिचौली जारी है। सुबह से रात तक करीब 5 से 7 बार बिजली बंद हो रही है, हर बार घंटें भर के लिए बिजली जाने से लोगों को भरी गर्मी में राहत नहीं मिल रही है।

### मौसम पूरी तरह से शुष्क पारा 44.5 डिग्री

सोमवार की अपेक्षा मंगलवार को तापमान में मामूली कमी देखी गई लेकिन इसका असर होता नहीं दिखा। आसमान से अंगारे बरसने के लिए लोगों को सूरज के किरणों के आगे झुलसना पड़ा। हालत यह रही है कि कई लोगों को दस्त लगने, पेट में दर्द, पैरों व आंखों में दर्ज की समस्या रही।

## बिजली बंद से त्रस्त युवक ने बिजली विभाग के ठेकाकर्मी का पत्थर मारकर सिर फोड़ा

देर रात बिजली बंद से त्रस्त होकर एक युवक तिफरा बिजली आफिस आया और ठेकाकर्मी के साथ मारपीट कर पत्थर से हमलाकर सिर फोड़ दिया है। पुलिस ने हमलावर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

सिरगिट्टी पुलिस के अनुसार, मंगला अभिषेक विहार निवासी मिथलेश वस्त्रकार पिता मथुरा प्रसाद वस्त्रकार तिफरा बिजली आफिस में ठेकेदार के अंदर में काम करता है। 25 मई की रात 3.15 बजे बिजली आफिस तिफरा के शिकायत शाखा में ड्यूटी कर रहा था। उसी समय तिफरा सांई विहार का बिजली बंद हो गया और कालोनी के बहुत सारे लोग बिजली बंद होने की शिकायत करने पहुंचे थे। तभी कुछ लोगों से उनकी चर्चा चल रही थी। उस दौरान एक्टीवा क्रमांक सीजी 10 बीपी, 5908 में एक युवक आया और बिजली बंद होने की बात को लेकर उनके साथ गाली गलौज करने लगा। उसके बाद उनका गला पकड़कर धक्का मारने लगा। उन्होंने अपना बचाव किया तो युवक एक्टीवा सहित गिर गया। आरोपी युवक ने आवेश में आकर पत्थर से हमला कर मिथलेश का सिर फोड़ दिया। पुलिस ने कर्मी की रिपोर्ट पर एक्टीवा सवार युवक के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

# आटोमेटिक ड्राइविंग टेस्ट ट्रैक से मिलेगा लोगों को लाइसेंस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जल्द ही ड्राइविंग लाइसेंस कम्प्यूटराइड व सैमुलेटेड मशीनों के परीक्षण के आधार पर ही बनेंगें। रायपुर की तर्ज पर बिलासपुर में भी आटोमेटिक ड्राइविंट टेस्टिंग ट्रैक की शुरूआत होने वाली है। लगरा स्थित आरटीओ कार्यालय में निर्माण भी शुरू हो चुका है। 12 एकड़ जमीन पर अवैध कब्जाधारियों को हटाकर निर्माण शुरू कराया गया है।

- 6 माह में पूरा होगा काम

सड़क पर दौड़ने वाले वाहन चालकों को पूरी तरह से प्रशिक्षित करने के लिए परिवहन विभाग ने बीड़ा उठाया है। अब ड्राइविंग लाइसेंस तब ही मिल सकेगा जब चालक कम्प्यूटराइड व सैमुलेटेड मशीनों से ड्राइविंग का प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेगें। आरटीओ अधिकारियों का कहना है कि अब मैनुअल तरीके से ड्राइविंग लाइसेंस बनना बंद किया जाएगा। दरअसल इसके लेकर आरटीओ कार्यालय में आटोमैटिक ड्राइविंग टेस्ट ट्रैक बनाया जा रहा है, 6 माह की अवधि में कंस्ट्रक्शन पूरा करने की उम्मीद है, वहीं इसके बाद अत्याधुनिक मशीनें लगाई जाएगी। खास बात यह है कि अब ड्राइविंग लाइसेंस महज औपचारिकता नहीं होगी, जिससे सड़क पर हादसे कम हो सकेंगे और सुरक्षित ड्राइविंग संभव होगी।



### कम्प्यूटरकृत होगा काम

लाइसेंस बनाने के लिए कई बार दलालों के चक्कर में पड़ चालकों को जेब ढीली करनी पड़ती है, वहीं बिना प्रशिक्षण के ही ड्राइविंग लाइसेंस जारी किया जाता है, लेकिन शासन ने अब रायपुर के बाद बिलासपुर में भी प्रशिक्षण के लिए कम्प्यूटराईड व सैमुलेटेड मशीनों लगाने की कवायद की है, यह पूरी तरह से कम्पयुटरकृत उपकरणों के सहारे ही चलाई जाएगी। जिससे प्रशिक्षित चालकों को ही लाइसेंस मिल सकेगा।

### यह होगी व्यवस्था

ट्रैक बनाने के लिए आरसीसी सड़क का निर्माण किया जाएगा। जिसमें ट्रैक के दोनों ओर सेंसर लगाए जाएंगे। वाहन चालक के हर मूवमेंट की खबर सेंसर को होगी। टेस्ट देने वाले की ड्राइविंग स्कील जैसे गाड़ी पर ब्रेक लगाना, स्पीड, संतुलन, लेन, सिग्नल जैसे सभी निर्देश का पालन सेंसर में दर्ज होगी। इसी के आधार पर ऑनलाइन रिपोर्ट जनरेट कर ड्राइविंट टेस्ट रिपोर्ट में पास व फेल का मार्क दर्शाया जाएगा।

### रिवाइज स्टीमेट के कारण काम धीमा

आरटीओ आसीम माथूर ने बताया कि हाल ही में ट्रांसपोर्ट कमिश्नर ने फील्ड का मुआयना किया है, जिसके बाद कुछ बदलाव किए जा रहे है, इसलिए काम धीमा चल रहा है। निर्माण की नोडल एजेंसी हाउसिंग बोर्ड है, ट्रैक की ऊंचाई, और मशीनों के इंस्ट्रालेशन कक्ष में बदलाव किए गए है। जिसके चलते स्टीमेट बदला जा रहा है।

### निर्माण कार्य जारी है

आटोमैटिक कम्प्यूटराईड ड्राइविंग टेस्ट टैक का निर्माण जारी है, रायपुर की कंपनी को काम दिया गया है, लेकिन निर्माण एजेंसी गृह निर्माण बोर्ड को बनाया गया है, 6 माह में बन कर ट्रक तैयार हो जाएगा।

-**असीम माथूर** आरटीओ, परिवहन विभाग

### झांसा देकर एक व्यक्ति से 60 लाख की ठगी

**बिलासपुर।** नए मकान में होम इंटीरियर का काम कराने का झांसा देकर एक व्यक्ति से 60 लाख रुपए की ठगी कर ली गई। पुलिस ने दंपती के खिलाफ धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज कर लिया है। कोतवाली टीआई देवेश सिंह राठौर ने बताया कि तिफरा बाबजी नगर निवासी रिषभ बजाज (28 साल) हाईकोर्ट के पास नया मकान बनवा रहे हैं। उनके नए मकान में होम इंटीरियर का काम कराने के लिए पश्चिम बंगाल निवासी राजेश मेहरा, उसकी पत्नी कालू मेहरा ने तेलीपारा स्थित राहुल छाबड़ा के दुकान में मुलाकात की। उनके बीच होम इंटीरियर काम करने का सौदा तय हो गया। दंपती ने उनसे होम इंटीरियर का सामान खरीदने के लिए अलग अलग किस्तों में आनलाइन के माध्यम से 60 लाख रुपए ले लिया। उसके बाद कुछ समय तक दंपती के द्वारा अपने कारीगारों से उनके नए मकान में काम कराया गया। उसके बाद काम अधूरा छोड़कर दंपती व कारीगर भाग गए। दोनों का मोबाइल लगातार बंद मिल रहा है। पुलिस ने श्री बजाज की रिपोर्ट पर दंपती के खिलाफ बीएनएस की धारा 318, 4 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### ढाबा किनारे खड़े ट्राला में घुसा तेज रफ्तार पिकअप

**डांड़गांव।** मगंलवार की अल सुबह एनएच 130 पर तेज रफ्तार पिकअप ढाबा किनारे खड़े ट्रक से टकरा गया। टक्कर इनती जोरदार थी कि चालक के बगल में बैठा वाहन मालिक बुरी तरह से फंस गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। लगभग तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस द्वारा शव को बाहर निकाला गया। फिलहाल पुलिस द्वारा मामले में मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 04 क्यूएन 5108 से वाहन मालिक मूलतः बिहार हाल मुकाम रायपुर रामनगर गुढ़ीयारी निवासी खुर्शी आलम अपने जीजा गुलाम मोहम्मद के साथ रायपुर से आम लोड कर बिहार के छपरा जाने के लिए निकला था। पिअकप वाहन को जीजा गुलाम मोहम्मद चला रहा था। संभावना जताई जा रही है कि भोर में लगभग 5.30 बजे चालक ने किसी वाहन को साइड देने के चक्कर में या फिर ओवर टेक के चक्कर में वाहन से नियंत्रण खो दिया और तेज रफ्तार पिकअप एनएच 130 पर डांडगांव प्रिंस ढाबा के सामने खड़े ट्राला से टकरा गया। टक्कर के बाद पिकअप के सामने का हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया।

# रेलवे एप्लीकेशन में ट्रेन राइट टाइम और पटरी पर घंटों लेट

**बिलासपुर।** रेल प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवन सहित दूसरे एप्लीकेशन तो दिए हैं, लेकिन इस एप्लीकेशन में ट्रेन समय पर चलती है और वही ट्रेन पटरी पर चलते हुए घंटों विलंब से संबंधित स्टेशन तक पहुंच रही है। इसकी जानकारी होने के बाद भी किसी भी रेल अफसरों का समय पर यात्री ट्रेनों को चलाने और यात्रियों की असुविधा पर कोई भी ध्यान नहीं जा रहा है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन के तीनों डिवीजन रायपुर, बिलासपुर और नागपुर और अन्य स्टेशनों में सफर करने वाले यात्रियों की स्थिति को रेल प्रशासन ने पिछले पांच साल से खराब कर रखा हुआ है। पांच साल के अंदर अधोसंरचना सहित अन्य कार्यो के लिए कभी रेलवे ट्रेनों को अचानक रद्द कर देती है या फिर उसे परिवर्तित मार्ग से ले जाती है। बिलासपुर जोन में केवल मालगाड़ियों के अलावा कोई भी यात्री ट्रेन समय पर स्टेशन के प्लेटफार्म तक नहीं पहुंच पा रही है। इसके कारण प्रतिदिन और साप्ताहिक चलने वाली ट्रेनों की लेट लतीफी से यात्री परेशान हो रहे हैं। रेलवे ने यात्रियों को घर बैठे यूटीएस और पीआरएस के साथ ट्रेनों के आवागमन की जानकारी के लिए रेलवन, माय ट्रेन, आईआरसीटीसी के एप्लीकेशन सहित अन्य एप की सुविधा देकर रखी हुई है, ताकि यात्रियों को स्टेशन तक आने की आवश्यकता न पड़े। यह सुविधा के स्मार्ट मोबाइल पर ही मिल रही है, जिसमें सबसे अधिक परेशान ग्रामीणों को होना पड़ रहा है। कई बार रेलवे के दिए गए एप्लीकेशन में यात्री ट्रेन स्टेशन तक पहुंचा दी जाती है, लेकिन स्टेशन पहुंचने के बाद संबंधित ट्रेन के घंटो लेट की जानकारी यात्रियों को मिलती है।

### एक्शन लेना चाहिए

आल इंडिया पीएनबी पेंशनर्स एसोसिएशन के चेयरमैन ललित अग्रवाल ने आरोप लगाया है कि प्रधानमंत्री के डिजिटल भारत अभियान और अविवेकपूर्ण निर्णय लेकर न केवल ट्रेन को एक घंटे से ज्यादा अनावश्यक रोका गया। वहीं रेल सेवा को बदनाम करने अपितु सैकड़ों लोगों के अमूल्य समय को बरबाद किया गया है। इस कार्य को करने वाले कंट्रोलर पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे जोन के महाप्रबंधक को एक्शन लेना चाहिए

कोनी में निगम ने चलाया अभियान



# 20 से अधिक गुमटियां पक्के निर्माण तोड़े गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कोनी क्षेत्र को एजुकेशन हब माना जाता है। अब यह क्षेत्र लेकिन असामाजिक तत्वों का अड्डा बनता जा रहा है बिलासा ताल के थोड़ा आगे से लेकर, गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी, अटल यूनिवर्सिटी और इं जी नि य रिं ग कालेज के पास तक सड़क के दोनों तरफ ठेले और और गुमटी वालों का कब्जा हो गया है। इसकी आड़ में नशे का कारोबार भी चल रहा है। यहां बैठने वाले असामाजिक तत्वों द्वारा क्षेत्र में पढ़ने वाले छात्रों से बदतमीजी करने के साथ ही छात्राओं से छेड़छाड़ और दुर्व्यवहार करते हैं। इसकी शिकायत छात्रों ने नगर निगम और कोनी थाने में भी की है लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

- एजुकेशन हब कोनी क्षेत्र बनता जा रहा असामाजिक तत्वों का अड्डा

हालांकि मंगलवार को दिन भर निगम ने यहां कब्जा हटाओं अभियान चलाया। 20 से अधिक ठेले गुमटी हटाए गए तो कुछ पक्के निर्माण भी तोड़े गए।दुकानों के बाहर शेड लगाकर यातायात बाधित करने वालों पर भी कार्रवाई की गई। इस दौरान विवाद की स्थिति भी बनी।कब्जाधारियों ने कार्रवाई का विरोध भी किया। कोनी क्षेत्र में शैक्षणिक संस्थाओं के मुख्य गेट और आसपास के क्षेत्र में ठेले, गुमटी और अवैध दुकानों का कब्जा एक बड़ी समस्या बना हुआ है। यह अतिक्रमण न केवल यातायात को बाधित करता है, बल्कि विश्वविद्यालय के मुख्य मार्ग की सुंदरता और सुरक्षा को भी प्रभावित करता है। इन क्षेत्रों में नशाखोरी, संदिग्धों का जमावड़ा और चाकूबाजी/मारपीट जैसी घटनाएं चिंता का विषय बनी हुई हैं।

### कई बार अभियान हर बार वहीं कब्जा

यहां पढ़ने वाले छात्रों ने बताया कि पूरे क्षेत्र में विश्वविद्यालयों के मुख्य गेट के पास सड़क के दोनों ओर बड़ी संख्या में अस्थाई और अर्ध-स्थाई गुमटियां लगा ली गई हैं। इन ठेले-गुमटी वालों के कारण कोनी मुख्य मार्ग पर अक्सर ट्रैफिक जाम की स्थिति बन जाती है, जिससे छात्रों, फैकल्टी और आम नागरिकों को परेशानी होती है। ध्यान रहे कि नगर निगम ने पहले भी यूनिवर्सिटी के आसपास के इलाकों में अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाकर गुमटी, ठेले और पोस्टर हटाए थे। निगम टीम के जाने के बाद लेकिन दोबारा कब्जा कर लिया जाता है।

## झारखंड के व्यक्ति की शहर में हत्या फरार पत्नी का प्रेमी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** झारखंड के व्यक्ति की गला दबाने के बाद चाकू से गला रेतकर हत्या करने के मामले में पुलिस ने फरार आरोपी को झारखंड से गिरफ्तार कर लिया है। ज्ञात हो कि 24 मई को झारखंड सिमडेगा निवासी विनोद लिमगा की सिरगिट्टी रेलवे ट्रैक किनारे सड़ी गली लाश मिली थी। उसकी पत्नी ने पुलिस को बताया था कि वह अपने पति विनोद को लेकर शहर आई थी। यहां उसके प्रेमी झारखंड निवासी सुगड़ तोपड़ो व दो अन्य साथियों के साथ विवाद हुआ और उसके बाद गला दबा दिया गया। साथ ही चाकू से गला रेतकर हत्या करना स्वीकार की थी। पुलिस ने आरोपी पत्नी पूनम लिमगा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। अन्य आरोपियों को पकड़ने पुलिस टीम झारखंड गई थी। पुलिस टीम ने फरार आरोपी सुगड़ तोपड़ो को गिरफ्तार कर लिया है।

## युवक को आत्म हत्या के लिए किया उत्प्रेरित, तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने युवक को सामाजिक कार्यक्रम में बेइज्जत करने, मारपीट कर आत्महत्या के लिए मजबूर करने के मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।

- शादी कार्यक्रम में की थी मारपीट

गांधीनगर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सरगवां पतरापारा में 25 वर्षीय रुकचंद नागेश आ. अमर साय नागेश ने गांव में पीपल पेड़ में ड्रीप पाईप से फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली थी। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर जांच की गई। जांच के दौरान यह बात सामने आई कि 27 अप्रैल को गांव में पंडा नामक व्यक्ति के विवाह का मंडप कार्यक्रम था। मंडप कार्यक्रम में गांव के लोग डीजे बजकर नाच रहे थे। समारोह के दौरान रात लगभग एक बजे मृतक रुकचंद की मां कलिबासो को गांव के रामप्रसाद, राजनाथ और अजीत ने साथ में नाचने के लिए बोला जिसका मृतक ने विरोध किया। इसी बात को लेकर तीनों युवकों ने रुकचंद के साथ मारपीट की। इस घटना से दुस्खी खोकर युवक रोते हुए रात 3 बजे घर गया और घटना की जानकारी अपनी बहन सुमरी नागेश को दिया। इसके बाद युवक ने फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली। जांच के बाद पुलिस ने मामले में सरगवां निवासी 28 वर्षीय राम प्रसाद उर्फ़ रित्रा आ. मुन्ना राम, 32 वर्षीय अजीत कुमार आ. शिव प्रसाद यादव व 40 वर्षीय राजनाथ तिर्की आ. नानसाय को बीएनएस की धारा 108, 3(5) के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## खबर संक्षेप

### शहर में लचर विद्युत व्यवस्था को लेकर चेम्बर ऑफ़ कॉमर्स ने सौंपा ज्ञापन

**कोरबा।** जिला चेम्बर ऑफ़ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज कोरबा का एक प्रतिनिधिमंडल कोरबा तुलसीनगर स्थित बिजली विभाग के जोन कार्यालय में उच्च अधिकारियों से मिलने गया, जहां कोई भी संबंधित जिम्मेदार अधिकारी उपस्थित नहीं मिले। उपस्थित जूनियर इंजीनियर व कर्मचारियों को चेतावनी देते हुए ज्ञापन सौंपा गया। जिला चेंबर ऑफ कामर्स द्वारा बिजली विभाग को सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि शहर में बिजली की लगातार आँखमिचौली लचर व्यवस्था से व्यापारी आक्रोशित है। भीषण गर्मी में आमजन समेत व्यापारी बन्धुओ को तकलीफ के साथ साथ आर्थिक नुकसान समेत अन्य परेशानियों का लगातार सामना करना पड़ रहा है। मुख्य रूप से व्यवसाय का समय सुबह 9 बजे से रात्रि 9 बजे तक इस दौरान न्यूनतम 3 से 4 बार निरंतर प्रतिदिन घंटो बिजली बंद होना आम बात हो गई है। भीषण गर्मी के चलते लोगों का जीना दुभर हो रहा है। बिजली से ही एसी, कूलर एवं पंखे के माध्यम से आमजनों को थोड़ी बहुत राहत मिलती है। बिजली विभाग की अति लचर व्यवस्था के चलते आपके विरुद्ध व्यापारी आंदोलन करने का मन बना चुके है। 28 मई तक बिजली की लगातार हो रही आंखमिचौली को बंद कर सुचारु रूप से बिजली की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करें अन्यथा जिला चेम्बर ऑफ़ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज आपके विभाग के प्रति आंदोलन के लिए बाध्य होगी जिसकी समस्त जिम्मेदारी आप व आपके विभाग की होगी।

### मानिकपुरी समाज की महिला कार्यकर्ताओं का हुआ सम्मान



**कोरबा।** प्रदेश स्तरीय महिला प्रकोष्ठ चुनाव के नवनिर्वाचित श्रीमती सुचित्रा संजय मानिकपुरी व सोलह सूत चौका आरती मैं विशेष सहयोग कर्ताओं का सम्मान समारोह में समाज की निर्वाचित महिला कार्यकर्ताओं का स्थानीय स्तर पर सम्मान किया गया। समाज की नवनिर्वाचित महिलाओं ने सामाजिक गतिविधियों में महिलाओं को बढ़ चढ़कर भागीदारी करने का आह्वान किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में सुचित्रा संजय मानिकपुरी उपस्थित थीं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि पवन दास, संतोष दास मानिकपुरी, पुराण दास, सतगुरु कबीर माणिक गुरुधाम समिति के समस्त पदाधिकारी अध्यक्ष संतोष दास मानिकपुरी, उपाध्यक्ष तुलसीदास महंत, कोषाध्यक्ष धरमदास, उप कोषाध्यक्ष नारायण दास, सचिव बोधन दास, उप सचिव हेमंत दास, ब्लॉक सचिव गोपाल दास सहित अन्य उपस्थित थे।

### आग लगने से फुटपाथ की एक दुकान जलकर हुई खाक

**कोरबा।** मुड़ापार क्षेत्र में एसईसीएल चिकित्सालय के समीप अचानक आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि उसने फुटपाथ पर स्थित एक दुकान को अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में दुकानें पूरी तरह जलकर खाक हो गई हैं। जानकारी के अनुसार एसईसीएल चिकित्सालय के पास फुटपाथ पर रोज की तरह दुकानें सजी हुई थी। अचानक एक दुकान से धुआं और लपटें उठने लगीं। इससे पहले कि आस-पास के लोग कुछ समझ पाते या आग पर काबू पाते, सूखी लकड़ियों और दुकानों में रखे सामान के कारण आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। देखते ही देखते दुकानों का सारा सामान मलबे और राख में तब्दील हो गया। घटना की सुचना मिलते ही मानिकपुर चौकी प्रभारी परमेश्वर राठौर अपने दल के साथ मौके पर आग बुझाते नजर आए वही आस पास के लोग भी मौजूद थे। इसी तरह सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत सृष्टि हॉस्पीटल के नर्सरी में आग लग गई जिसे फायर ब्रिगेड की टीम के द्वारा काबू कर लिया गया।

### 30 वर्षीय युवक ने मासूम के साथ दुष्कर्म का किया प्रयास

**कोरबा।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत निवासरत 30 वर्षीय युवक ने पास में रहने वाले एक ढाई वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म करने की कोशिश की है। देर शाम जब परिजनों को इसकी भनक लगी तो उन्होंने इसकी शिकायत पुलिस से की है। पुलिस द्वारा मामले में आरोपी युवक के खिलाफ पंजीबद्ध कर मामले की छानबीन शुरु कर दी है।

### जटगा में लगा जनसमस्या निवारण शिविर

**कोरबा।** पोड़ी-उपरोड़ा ब्लॉक के ग्राम पंचायत जटगा में जनसमस्या निवारण शिविर लगाया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुँचकर अपनी समस्याएँ दर्ज कराईं और विभिन्न विभागों द्वारा त्वरित निराकरण का लाभ प्राप्त किया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में पवन कुमार उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों के रूप में जनपद अध्यक्ष श्रीमती माधुरी देवी तंवर, जनपद उपाध्यक्ष प्रकाश चंद्र जाखड़, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती शांति मरावी, जनपद सदस्य श्रीमती श्यामा पेन्द्रो (कारीमाटी), रघुराज सिंह (जटगा), पवन सिंह पोया, एसडीएम मनोज कुमार बंजारे तथा सरपंच संघ अध्यक्ष प्रताप मरावी शामिल हुए। इसके साथ ही ग्राम पंचायतों के जनप्रतिनिधियों में जटगा की सरपंच अविन्दा मरकाम, मातिन की श्रीमती ललिता बाई, घुमानीडांड के कृष्ण कुमार धनुहार, केशलपुर की रामबाई कंवर शामिल रहीं।

# प्रेरणादायी व्यक्तित्वों ने एनटीपीसी की जेम बालिकाओं को दी प्रेरणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

## 6 सौ से अधिक बालिकाएं हुई लाभान्वित



एनटीपीसी लिमिटेड कोरबा की बालिका सशक्तिकरण अभियान (जेम) पहल अपने प्रभावशाली रोल मॉडल पहल के माध्यम से युवा बालिकाओं को निरंतर प्रेरित कर सशक्त बना रही है। इस पहल के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिष्ठित एवं सफल हस्तियाँ ने जेम बालिकाओं से संवाद कर उन्हें बड़े सपने देखने, शिक्षा में उत्कृष्टता प्राप्त करने तथा आत्मविश्वासी व्यक्तित्व के रूप में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती हैं।

अपने सातवें वर्ष में प्रवेश कर चुका कोरबा का जेम कार्यक्रम आसपास के समुदायों की बालिकाओं के समग्र विकास एवं सशक्तिकरण हेतु निरंतर कार्यरत है। वर्षों से यह पहल लगभग 660 बालिकाओं को सकारात्मक रूप से लाभान्वित कर चुकी है, जिससे उनमें आत्मविश्वास का विकास हुआ है, कौशल में वृद्धि हुई है तथा भविष्य के प्रति उनकी आकांक्षाओं को नई दिशा मिली है। 22 से 25 मई तक आयोजित कई प्रेरणादायी सत्रों की इस श्रृंखला में जेम बालिकाओं को विशिष्ट व्यक्तित्वों से बात करने का मौका मिला, जिनकी प्रेरक जीवन-यात्रा एवं उपलब्धियों ने बालिकाओं के मन पर गहरी छाप छोड़ी। सर्वप्रथम 22 मई को भारतीय सेना के कर्नल सेंथिल कुमार एस ने बालिकाओं को संबोधित करते हुए अपने जीवन एवं कार्य से जुड़े अनुभव साझा किए। उन्होंने अनुशासन, साहस, दृढ़ संकल्प तथा लक्ष्य के प्रति समर्पण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बालिकाओं को चुनौतियों का डटकर सामना करने एवं अपने आप पर पूर्ण विश्वास रखने के लिए प्रेरित किया। बालिकाओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा सफलता एक दिन में नहीं मिलती। अनुशासन, कठोर परिश्रम और आत्मविश्वास ऐसे हथियार हैं, जो जीवन की हर चुनौती को पार करने में आपकी सहायता करते हैं। संयुक्त आयुक्त श्रीमती माधुरी सोम ने जेम बालिकाओं को शिक्षा प्राप्त करने, आत्मविश्वास अपनाने एवं अपने लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु निरंतर मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। अपने प्रेरक विचारों के माध्यम से उन्होंने दृढ़ता, निरंतर सीखने की भावना तथा स्वयं को सशक्त बनाकर समाज में सकारात्मक योगदान देने के महत्व पर बल दिया। महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत ने जेम बालिकाओं से बात की तथा सार्वजनिक सेवा एवं नेतृत्व के अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बालिकाओं को सफलता प्राप्त करने एवं सशक्त नागरिक बनने में शिक्षा, दृढ़ संकल्प, आत्मविश्वास तथा सामाजिक उत्तरदायित्व के महत्व को बहुत अच्छे से समझाया।

## समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर कुणाल दुदावत ने अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

# शासकीय राशि का दुरुपयोग करने वालो के ऊपर करें एफआईआर : दुदावत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



अधिकारियों की बैठक लेते कलेक्टर।

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने समय-सीमा की बैठक लेकर विभागीय कार्यों और टीएल के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। कलेक्टर ने गाँव के विकास कार्य के लिए आवंटित राशि को शासकीय कार्य में खर्च न कर राशि का गबन करने वाले सरपंच, सचिव और संबंधित ठेकेदारों पर एफआईआर दर्ज कर कार्यवाही करने के निर्देश एसडीएम को दिए। उन्होंने स्पष्ट संदेश दिया कि शासकीय कार्य के लिए आबंटित राशि को किसी भी परिस्थिति में अन्य प्रयोजन के लिए खर्च करने या दुरुपयोग किए जाने पर जिम्मेदार व्यक्तियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर श्री दुदावत ने सभी जनपद सीईओ और नगरीय निकायों के सीएमओ को बैंक से समन्वय कर प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना अंतर्गत हितग्राहियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रगति नहीं होने पर कोरबा जनपद सीईओ और कटघोरा सीएमओ को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने निर्माण एजेंसियों को जिला प्रशासन द्वारा तैयार निर्माण पोर्टल में जानकारी दर्ज करने के निर्देश दिए। उन्होंने पीडब्ल्यूडी, आरईएस सहित अन्य एजेंसियों को स्वीकृत स्कूल भवनों के निर्माण कार्य को गुणवत्तापूर्ण तरीके से नए शिक्षा सत्र से पूर्व पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वामी आत्मानंद विद्यालय भवन के निर्माण में लापरवाही पर पीडब्ल्यूडी के ईई, एसडीओ और उप अभियंता को शोकॉज जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्कूल भवन, स्वास्थ्य केंद्र, आंगनबाड़ी भवन निर्माण के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारियों को भवन के आसपास पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु आपसी समन्वय बनाने तथा स्टीमेट में बोर की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए शामिल करने के निर्देश दिए। उन्होंने डीईओ को शिक्षण सत्र प्रारंभ होने से पूर्व विद्यार्थियों को गणवेश और किताबों का वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने खाद्य अधिकारी को निर्देशित किया कि 30 जून तक अनिवार्य रूप से सभी जगह खाद्यान्न का भंडारण कराया जाए और 1 जुलाई से 10 जुलाई तक राशनकार्ड धारियों को चावल का वितरण सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने जिले में सर्वे कर वृद्धा और विधवा पेंशन के लिए वंचित हितग्राहियों की सूची तैयार कर सेचुरेट करने के निर्देश जिला पंचायत सीईओ और नगर पालिक निगम आयुक्त को दिए, ताकि पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा सके। कलेक्टर श्री दुदावत ने जिले में मानसून से पहले खाद-बीज वितरण की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने अभी तक के भंडारण प्रतिशत पर नाराजगी जताते हुए कृषि एवं सहकारिता विभाग को किसानों से समन्वय बनाकर वितरण में प्रगति लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने शेष बचे किसानों के एग्रिस्टेक में प्रगति के निर्देश दिए। उन्होंने पीएम जनमन अंतर्गत आवास निर्माण कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने पीएम आवास 2.0 की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि आवास निर्माण के कार्य शीघ्र प्रारंभ हो जाने चाहिए। उन्होंने पीएम सूर्यघर योजना में प्रगति लाने, कौशल विकास योजना अंतर्गत जिले के बेरोजगार युवाओं को रोजगारमूलक प्रशिक्षण प्रदान करने, पीएम इंटर्नशिप से युवाओं को लाभान्वित करने, आभा आईडी, व्यबन्दन योजना और मातृत्व वंदन योजना में प्रगति लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी जनपद सीईओ को वॉक वेस्ट जेनरेटर के लिए चिन्हांकन और पंजीयन करने के निर्देश दिए।

# कांग्रेस ने झीरम घाटी के शहीद नेताओं को दी श्रद्धांजलि



श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कांग्रेसी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बस्तर के झीरम घाटी में 25 मई 2013 को हुए भीषण नक्सली हमले में शहीद हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं की 13वीं पुण्यतिथि पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल के कार्यालय में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में प्रदेश के वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने पुष्प अर्पित कर उनके योगदान को नमन किया।

इस अवसर पर विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, पूर्व उप मुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव, पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, रामपुर विधायक फूलसिंह राठिया, प्रदेश महासचिव हरीश परसाई, प्रदेश सचिव बी.एन. सिंह, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुरेंद्र प्रताप जायसवाल, शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश कुमार राठौर, ग्रामीण अध्यक्ष मनोज चौहान, पूर्व महापौर राजकिशोर प्रसाद, पार्षद नारायण लाल कुर्रे, रवि सिंह चंदेल, सीतामढ़ी मंडल अध्यक्ष मनीष शर्मा, पूर्व पार्षद अविनाश बंजारे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि 25 मई 2013 को बस्तर में आयोजित कांग्रेस के परिवर्तन यात्रा सम्मेलन से लौटते समय दरभा क्षेत्र स्थित झीरम घाटी में नक्सलियों ने घात लगाकर कायराना हमला किया था। अंधाधुंध गोलीबारी में कांग्रेस के अनेक वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता शहीद हो गए थे। शहीद होने वालों में महेंद्र कर्मा, नंदकुमार पटेल, दिनेश पटेल, उदय मुदलियार, नारायण साहू, योगेंद्र शर्मा सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता, सुरक्षा कर्मी, वाहन चालक एवं स्थानीय नागरिक शामिल थे। वहीं पूर्व केंद्रीय मंत्री विद्याचरण शुक्ल गंभीर रूप से घायल हुए थे, जिनका बाद में उपचार के दौरान निधन हो गया था। नेताओं ने कहा कि झीरम घाटी की घटना लोकतंत्र पर किया गया एक कायराना हमला था, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता।

## हेल्थ प्लस

### सिद्धि विनायक हॉस्पिटल में कुचले हुए पैर को बचाने में मिली सफलता

**कोरबा।** सिद्धि विनायक हॉस्पिटल में जटिल एवं चुनौतीपूर्ण शल्य चिकित्सा के माध्यम से 43 वर्षीय अभिमन्यु नागेश के गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त दाहिने पैर को सफलतापूर्वक बचाया गया। श्री नागेश सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए थे, जिसमें उनका दाहिना पैर बुरी तरह कुचल गया था तथा पैर की लगभग सभी हड्डियों में गंभीर चोट एवं फ्रैक्चर हो गया था। रोगी की स्थिति अत्यंत गंभीर थी और पैर को बचाना एक बड़ी चुनौती थी। विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा विस्तृत योजना बनाकर चरणबद्ध उपचार किया गया। सबसे पहले पैर की हड्डियों का पुनर्निर्माण किया गया, जिसके पश्चात कोमल ऊतकों का पुनर्निर्माण एवं उपचार किया गया। इस अवसर पर सिद्धि विनायक हॉस्पिटल के वरिष्ठ अस्थिरोग विशेषज्ञ डॉ. शतदल नाथ ने कहा कि इतनी गंभीर चोट के बावजूद रोगी का पैर बचा पाना पूरे चिकित्सकीय दल के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने इस सफलता का श्रेय अस्पताल के सभी समर्पित चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ, पैरामेडिकल कर्मचारियों एवं सहयोगी कर्मचारियों के अथक परिश्रम और टीमवर्क को दिया। डॉ. शतदल नाथ ने कहा कि यह सफलता सिद्धि विनायक हॉस्पिटल की उन्नत चिकित्सा सुविधाओं, समर्पित सेवाओं तथा रोगी-केंद्रित उपचार पद्धति का प्रमाण है।



# ग्रामीण क्षेत्रों में समितियों से होने लगा खाद बीज का उठाव



खाद बीज लेने पहुंचे किसान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले की ग्रामीण सहकारी समितियों से खाद बीज का भंडारण होने के बाद उसके उठाव की प्रक्रिया भी अब तेज हो गई है। समितियों में पर्याप्त मात्रा में बीज व खाद के भंडारण के निर्देश पहले ही दिए गए हैं। जिल्गा बरपाली सहकारी समिति से बीते दो दिन के अंदर 91 किसानों का खाद बीज का वितरण किया गया है।

नए नियमों के तहत अब किसानों को खाद और बीज का वितरण किया जा रहा है। शासन के द्वारा नए नियम खाद की कालाबाजारी रोकने के लिए बनाया गया है। जबकि बीज के मामले में ऐसी कोई बाध्यता या कड़े नियम नहीं हैं जिससे किसानों को परेशानी का सामना करनी पड़ेगी। सहकारी समितियों से खाद बीज का उठाव का काम रफ्तार पकड़ने लगा है। जिल्गा बरपाली आदिवासी सेवा सहकारी समिति से बीते दो दिन में 91 किसानों को 7 लाख के खाद एवं बीज का वितरण किया गया है। वनांचल क्षेत्र होने के बावजूद खेती का रकबा पिछले कुछ वर्षों में वनाधिकार पट्टा बांटने के कारण ज्यादा बढ़ा है। जिसकी वजह से खाद व बीज की डिमांड भी इस क्षेत्र में ज्यादा आने लगी है। समिति के प्रबंधक चंद्रेश कश्यप ने बताया कि खाद व बीज का भंडारण पर्याप्त मात्रा में कराया गया है। किसानों को शासन के नियमों के तहत ही वितरण किया जा रहा है।

### इन खाद व बीज का हुआ वितरण

समिति से सवर्णा धान, एमटीयू 1001, एमटीयू 1156, इंदिरा एरोबिक धान, ढेंचा गुजरात, मूंग विराट जैसे धान बीज का किसानों ने किया है। इसमें सर्वाधिक बीज सवर्णा धान का उठाव किया गया है। इसी तरह खाद में सर्वाधिक यूरिया खाद का वितरण हुआ है।

# पुरानी पेंशन सहित अन्य मांगों को लेकर जनता यूनियन ने पूर्व उपमुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



जनता यूनियन कोरबा के प्रतिनिधिमंडल ने प्रांताध्यक्ष अनिल द्विवेदी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व उपमुख्यमंत्री टी एस सिंह देव से उनके कोरबा प्रवास के दौरान आत्मीय मुलाकात कर कर्मचारी हितों से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने पूर्व कैबिनेट मंत्री जयसिंह अग्रवाल से भी सौजन्य भेंट कर कर्मचारियों की समस्याओं और मांगों से अवगत कराया।

प्रतिनिधिमंडल ने विशेष रूप से बिजली कर्मियों के लिए पुरानी पेंशन योजना (ओ पी एस ) लागू करने, नियमित भर्ती, ठेका एवं आउटसोर्स प्रथा समाप्त करने, संविदा कर्मियों के नियमितीकरण, रिक्त पदों पर सीधी भर्ती, विद्युत कर्मियों की सुरक्षा व्यवस्था, भत्तों एवं कर्मचारी सुविधाओं में सुधार जैसे प्रमुख मुद्दों को मजबूती से उठाया। यूनियन पदाधिकारियों ने कहा कि प्रदेश के बिजली कर्मचारी कठिन परिस्थितियों में निरंतर सेवा दे रहे हैं, इसलिए उनके हितों की रक्षा और सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है। इस अवसर पर प्रांतीय उपाध्यक्ष सम्मेलाल श्रीवास, प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य सागर देवांगन, प्रमोद कुमार राठौर, कोरबा सर्कल अध्यक्ष लक्ष्मी प्रसाद यादव, उपाध्यक्ष मोहम्मद नासिर खान, नीलांबर शर्मा, प्रचार सचिव दिलेश्वर प्रजापति, सह प्रचार सचिव अरुण सागर, अनूप जोलहे, जनरेशन शाखा (पश्चिम) अध्यक्ष गेंदराम साहू, जनरेशन शाखा (पूर्व) अध्यक्ष सुखीदास महंत, जनरेशन शाखा (पश्चिम) कोषाध्यक्ष जॉर्ज के थंकाचंद सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पृष्ठ 1 का शेष

### सूने मकान में...

आलमारी खुली पड़ी थी। जांच करने पर पता चला कि घर से एक सोने का लॉकेट, बच्चे की एक जोड़ी चांदी की पायल और उनकी पत्नी की दो जोड़ी चांदी की पायल चोरी हो गई है। चोरी गए सामान की अनुमानित कीमत करीब 30 हजार रुपये बताई गई। मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों की पतासाजी की जा रही थी। इसी दौरान पुलिस ने तिवरता दीपका निवासी संदेही साहिल एवं इन्द्र प्रसाद यादव को हिरासत में लेकर पूछताछ की। जो आरोपियों ने चोरी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से सोने चांदी के जेवर व घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल को जब्त किया गया। पकड़े गए आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

### बिना नंबर...

भी सख्ती बरती जाएगी। पुलिस ने संकेत दिए हैं कि आगे भी इस तरह की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी, ताकि सड़क हादसों पर अंकुश लगाया जा सके और यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाया जा सके।

### कोयला श्रमिकों ने...

समिति सदस्य आर एस तिवारी एवं चितुकेश साहू, कल्याण समिति सदस्य राजेश सिंह, दीपका क्षेत्र से विजय कुमार (शहरी वेलफेयर सदस्य), छोटेलाल साहू, दिनेश्वर साहू (क्षेत्र सुरक्षा सदस्य), रामलाल साहू, ठाकुर राम साहू, लोकपाल कश्यप, सीडब्ल्यूएस गेवरा से जेसीसी सदस्य परदेशी सिंह कंवर और श्यामता साहू, कल्याण समिति से रोहित कुमार, सेफ्टी बोर्ड मेंबर महेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष रूपनारायण गुप्ता के साथ श्रीमती पार्वती सिंह, श्रीमती राजकुमारी गुप्ता और शैलेन्द्र सिंह यादव शामिल है। इस अवसर पर कोयला मजदूर सभा की रीति-नीति से प्रभावित होकर सदस्यता ग्रहण करने वाले नए सदस्यों में मुख्य रूप से बिरेंद्र राठौर, अखिलेश राठौर, दिवेंद्र राठौर, विनोद राठौर, राजेंद्र राठौर, दिलेश राठौर, अजय सिंह, चमार सिंह ठाकुर, गजेंद्र पाल, गिरिवर सिंह, मोहित रे, लक्ष्मीनारायण, सुख सागर दास, पीतांबर, संजू राठिया, धर्म सिंह, सतीश कुमार सहित अन्य ने संगठन का दामन थामा।









## खबर संक्षेप



### शक्ति केंद्र नोनबिर्रा में मासिक बैठक संपन्न

**हरदीबाजार।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश एवं जिला नेतृत्व के निर्देशानुसार हरदीबाजार मंडल के शक्ति केंद्र नोनबिर्रा में महामंत्री नवरतन सिंह राजपूत के निवास पर मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यकर्ताओं को जानकारी दी गई कि प्रत्येक माह की 20 से 25 तारीख के बीच शक्ति केंद्र की बैठक आयोजित करना अनिवार्य है। साथ ही प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को प्रत्येक बूथ पर सुनना एवं उनके द्वारा बताए गए विषयों पर चर्चा करना। बैठक में शक्ति केंद्र प्रभारी शोभा सिंह जगत, सुरेश कुमार यादव, लता कंवर, कांति रजक, नरेश यादव, बालकृष्ण यादव, श्यामलाल पटेल, अजीत यादव एवं लोकेंद्र सिंह राजपूत, मोहन पाल निर्मलकर, बाबूलाल, जान सिंह कंवर, सोनू यादव, चमरू सिंह, कृपाल दास एवं दिलीप यादव उपस्थित रहे।

### पूर्व दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव 29 से

**कोरबा।** न्यू नेहरू नगर, भैंस खटाल, वार्ड क्रमांक 17 स्थित पूर्व दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में श्री हनुमान की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा एवं भव्य भंडारा महोत्सव का आयोजन 29 से 31 मई तक श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ किया जाएगा। शुक्रवार को कलश यात्रा एवं वेदी पूजन संपन्न होगा। इसके पश्चात 30 मई को विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों के अंतर्गत अन्नाधिवास, जलाधिवास, पुष्पाधिवास, फलाधिवास एवं शैयाधिवास कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 31 मई को हनुमान मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के साथ संपन्न होगा। इस अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा। समिति के सदस्यों ने बताया कि यह धार्मिक आयोजन क्षेत्र में आध्यात्मिक वातावरण एवं सामाजिक समरसता को बढ़ावा देगा। उन्होंने सभी धर्मप्रेमी नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

### वृद्ध हितग्राही हीरालाल व्हील चेयर एवं सहायक उपकरण से लाभान्वित

**कोरबा।** हीरालाल चौहान को व्हील चेयर उपलब्ध नहीं कराए जाने संबंधी समाचार के सम्बंध में समाज कल्याण विभाग कोरबा द्वारा तथ्यात्मक स्थिति स्पष्ट की गई है। उप संचालक समाज कल्याण विभाग द्वारा बताया गया है कि भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम, जबलपुर द्वारा हितग्राही का चिन्हांकन एवं प्रमाणीकरण उपरांत हीरालाल चौहान को 19 दिसंबर 2025 को शौच सुविधा युक्त कुर्सी एवं मोड़कर रखी जाने वाली मानक व्हील चेयर उपलब्ध करा दी गई थी। साथ ही वृद्धाश्रम के अन्य वृद्धजनों को भी लगभग 10 व्हील चेयर प्रदान की गई हैं। विभाग ने स्पष्ट किया है कि प्रकाशित समाचार तथ्यहीन एवं भ्रामक है । समाज कल्याण विभाग ने स्पष्ट किया है कि वृद्धजनों एवं दिव्यांगजनों के हित में शासन की योजनाओं के अंतर्गत आवश्यक सहायक उपकरण सतत रूप से उपलब्ध कराए जा रहे हैं तथा पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है।

### ग्राम पंचायत चैनपुर में घटिया निर्माण का आरोप, सरपंच-सचिव पर लापरवाही का आरोप

**कोरबा।** करतला जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत चैनपुर में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को लेकर ग्रामीणों में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पंचायत में कराए जा रहे निर्माण कार्य बेहद घटिया स्तर के हैं, जिससे सरकारी राशि के दुरुपयोग की आशंका जताई जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता का बिल्कुल ध्यान नहीं रखा जा रहा और शिकायत के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। लोगों ने सरपंच और सचिव पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि जब उनसे फोन पर संपर्क करने की कोशिश की गई तो उन्होंने फोन तक नहीं उठाया। ग्रामीणों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि चुनाव के समय जनप्रतिनिधि वोट मांगने गांव पहुंच जाते हैं, लेकिन अब समस्या सामने आने पर कोई सुनवाई नहीं हो रही। मामले को लेकर अब जनपद पंचायत करतला के सीईओ की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं।

# निजी खाद दुकानों के साथ सहकारी समितियों की भी हुई जांच पड़ताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

खाद के संभावित संकट के मद्देनजर शासन के कड़े निर्देश ब्लैक मार्केटिंग रोकने के लिए मिले हैं। इसी कड़ी में कृषि विभाग के द्वारा सोमवार से सहकारी समितियों और निजी खाद विक्रेताओं के यहां बिक्री के रिकार्ड और स्टाक की जांच पड़ताल के लिए कार्रवाई शुरू की गई। दूसरे दिन मंगलवार को सहकारी समितियों के साथ निजी खाद दुकानों में भी कार्रवाई हुई है। जिसमें एक मामला भैसमा में पकड़ में आया है।

खरीफ की फसल के पूर्व खाद बिक्री के लिए राज्य शासन के द्वारा नए नियम जारी किए गए हैं। इन नियमों के विपरीत खाद की बिक्री पर कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए हैं। शासन के द्वारा जारी नियमों के तहत बिना जमीन के दस्तावेज के निजी खाद दुकानदार व सहकारी समितियां किसी भी ऐसे किसान को खाद नहीं बेच सकेंगी जिनका एग्रीटेक पोर्टल में पंजीयन नहीं हुआ है। इसी कड़ी में कृषि विभाग के मैदानी टीम के द्वारा मगलवार को कोरबा विकास खंड की सहकारी समितियों में पहुंचकर जांच पड़ताल की कार्रवाई की। जिसमें जमाखोरी से लेकर कालाबाजारी के मामले को भी देखा गया। जिन क्षेत्रों में जांच की कार्रवाई हुई है उनमें आदिम जाति सेवा सहकारी समिति भैसमा, सेवा समिति तिलकेजा के अलावा भैसमा के जायसवाल खाद भंडार के रिकार्ड की भी जांच हुई। इस दौरान जायसवाल खाद भंडार के रिकार्ड में स्टाक और बिक्री के मिलान के दौरान अनियमितता पाई गई। जिसको लेकर विभाग ने जायसवाल खाद भंडार को 21 दिन के लिए खाद बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया है। सोमवार को पहले दिन पाली ब्लाक के दुकानों में निरीक्षण किया गया था। जिसमें लाइसेंस का नवीनीकरण नहीं होने के मामले पकड़ में आए थे।

## अधिक दर पर बेचने के मामले में दो दिन से चल रही कार्रवाई

**खाद की कालाबाजारी और बिना कागजात के बिक्री पर रहेगी रोक**



**कालाबाजारी रोकने कार्रवाई**

शासन के नियमों के तहत सहकारी समितियों से खाद का वितरण होना है। वहीं निजी खाद भंडारों से खाद की कालाबाजारी रोकने के लिए कार्रवाई की जा रही है। अनियमितता मिलने पर 21 दिन तक खाद बिक्री पर रोक लगाई गई है।

-डीपीएस कंवर, उप संचालक कृषि

## बीते वर्ष खरीदी का देखा जा रहा रिकार्ड

सहकारी समितियों में जांच के दौरान पंजीकृत किसानों के बीते वर्ष के रिकार्ड की भी जांच की जा रही है। इसमें यह देखा जा रहा है कि किसान ने पिछले वर्ष कितनी खाद का उपयोग किया था और उसके आधार पर इस वर्ष खरीफ फसल के सीजन में 80 प्रतिशत यूरिया खाद उसे दी जाएगी। जबकि बीते वर्ष किसानों को उनकी मांग के अनुसार यूरिया दी जा रही थी। इसी तरह अन्य खाद के लिए भी नियम जारी हुआ है। इस आधार पर बीते वर्ष कृषक द्वारा खरीदे गए खाद का 60 प्रतिशत अन्य खाद दी जाएगी।

## 416 किसानों को किया गया है चयनित

# जिले के वनांचल गांवों में चल रही जैविक खेती की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए कृषि विभाग के द्वारा जिले के 18 गांवों में परंपरागत कृषि विकास योजनान्तर्गत अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत 416 किसान चयनित किए गए हैं। इनमें 1 हजार हेक्टेयर की भूमि को शामिल किया गया है।

**खास बात**

- धान के अलावा अन्य फसल के लिए विभाग चला रहा अभियान

जिले में जैविक खेती को लेकर वर्ष 2011 में केन्द्र सरकार की परंपरागत कृषि विकास योजनान्तर्गत कुछ गांवों को जैविक खेती के रूप में चयन करने का काम किया गया था। उस दौरान विकासखंड पोड़ी उपरोड़ा के 6 गांव को चयनित किया गया। ये वो गांव थे जहां कृषक रसायनिक खादों का उपयोग कम करते थे। या उन तक रसायनिक खाद की आपूर्ति नहीं हो पाती थी। इसी तर्ज पर कृषि विभाग के द्वारा जिले के 18 गांवों को पहले चयनित किया गया है। जहां जैविक खेती को बढ़ावा दिया जाएगा। सभी विकासखंड में जैविक खेती को बढ़ावा देने के पहले मिट्टी परीक्षण जैसे कार्य किए गए हैं। रिपोर्ट के पश्चात जैविक खेती के लिए किसानों की भूमि चयनित हुई है। जैविक खेती में जैविक खाद का उपयोग ही प्राथमिकता से किया जाता है। जिन फसलों में जैविक खाद की उपयोगिता बताई गई है उनमें धान के अलावा अन्य सभी फसलें शामिल हैं।



फाइल फोटो

**ये गांव हैं शामिल**

| ब्लाक | गांव |
|---|---|
| पाली | डोंगानाला, दमिया |
| पोड़ी उपरोड़ा | सासो, कर्री, धवलपुर, केंदई, पतुरियाडांड, धजाक |
| कटघोरा | धनरास, लोतलोता, पुरैनाखार, छुरीखुर्द, झोरा, दानपुर, नवागांव कला, मड़वामौहा आदि |

**3 ब्लाक के एक हजार हेक्टेयर भूमि में होगी खेती**

जिले के तीन ब्लाक की एक हजार हेक्टेयर भूमि में होने वाली फसल में जैविक खाद का उपोग किया जाएगा। जिसमें किसानों को जैविक फसलों के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। जिसमें अरहर, रागी, कोदो, तिवरा जैसी फसलें प्रमुख हैं।

# विद्युत कंपनी प्रबंधन की वादाखिलाफी के विरोध में महासंघ ने आंदोलन का किया शंखनाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ-महासंघ के विस्तारित प्रदेश कार्यसमिति की बैठक एसईसीएल के इंदिरा विहार कॉलोनी सरकंडा बिलासपुर के प्रियदर्शिनी भवन में महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष संजय तिवारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का संचालन प्रदेश महामंत्री नवरतन बरेठ के द्वारा करते हुए विगत तीन माह में किए गये प्रवास एवं संगठनात्मक कार्य के बारे में विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया।

इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष संजय तिवारी ने अपने उद्बोधन में सभी पदाधिकारियों और सदस्यों से प्रदेश के प्रत्येक जिले में प्रवास कर कर्मचारी समस्याओं के समाधान और सदस्यता लक्ष्य पूर्ण करने कहा गया। अखिल भारतीय मजदूर संघ के मंत्री एवं विद्युत प्रभारी राधेश्याम जायसवाल के द्वारा अपने मार्गदर्शन में भारत सरकार के श्रम नियम की जटिलताओं के बारे में बताते हुए उसके अनुरूप कार्य योजना बनाकर काम करने कहा गया। कोषाध्यक्ष कोमल देवांगन के द्वारा आय- व्यय का लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया। क्षेत्रीय अध्यक्षों/सचिवों के द्वारा अपने क्षेत्रों का प्रतिवेदन प्रतुत करते हुए अपने क्षेत्रों में किए गए प्रवास एवं कार्यक्रम की जानकारी दी गई। कार्यसमिति की बैठक में अप्रैल 2004 के बाद नियुक्त कर्मचारियों/अधिकारियों की पुरानी पेंशन बहाली, तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के रिक्त पदों में नई भर्ती व रिस्ट्रक्चरिंग, तकनीकी व कंप्यूटर भत्ता, वेजरिविजन कमेटी गठित करने व लागू होने तक अंतरिम राहत प्रदान करने आदि ज्वलंत मांगो की प्रतिपूर्ति एवं विद्युत कंपनी प्रबंधन के वादाखिलाफी के विरोध में आंदोलन में जाने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। बैठक में भारतीय मजदूर संघ के अ.भा. मंत्री व विद्युत प्रभारी राधेश्याम जायसवाल, अ.भा. कार्यसमिति सदस्य गिरजाशंकर आचार्य, भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शंखध्वनि सिंह बनाफर, महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष संजय तिवारी, कार्यकारी अध्यक्ष तेज प्रताप सिन्हा, प्रदेश महामंत्री नवरतन बरेठ, कोषाध्यक्ष कोमल देवांगन, संगठन मंत्री के.एन. यादव सहित अन्य उपस्थित रहे।

**खास बात**

- ओपीएस, रिक्त पदों पर भर्ती, रिस्ट्रक्चरिंग, तकनीकी व कम्प्यूटर भत्ता, वेज रिवीजन कमेटी गठित करने की मांग



बैठक में शामिल बिजली कर्मचारी संघ के पदाधिकारी।

**मांगे पूरी नहीं तो कामबंद हड़ताल**

प्रथम चरण में 1 से 30 जून तक वृहद संपर्क व हस्ताक्षर अभियान, दूसरे चरण में 1 से 9 जुलाई तक क्षेत्रीय मुख्यालयों में प्रदर्शन व ज्ञापन देने कार्यक्रम, तीसरे चरण में 10 जुलाई को पॉवर कंपनी महासंघ के संगठन विस्तार, सदस्यता वृद्धि व आंदोलन की दृष्टि से प्रदेश पदाधिकारियों को सभी जिलों में प्रभारी के रूप में दायित्व दिए जाने का निर्णय लिया गया। मुख्यालय रायपुर में विशाल आक्रोश रैली और एक दिवसीय धरना प्रदर्शन तत्पश्चात मांग पूरी नहीं होने पर अनिश्चित कालीन कामबंद हड़ताल का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया।

# हटरी बाजार में जेसीबी पहुंचते ही मचा हंगामा, व्यापारियों ने जताया विरोध



कार्रवाई करते हुए नगर पालिका का अमला।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा द्वारा हटरी बाजार क्षेत्र के सौंदर्यीकरण एवं व्यवस्थित विकास के लिए अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की गई। जैसे ही मंगलवार को नगर पालिका की टीम जेसीबी लेकर हटरी पहुंची, जहां कार्रवाई का सब्जी विक्रेताओं और स्थानीय व्यापारियों ने इस कार्यवाही का विरोध किया।

इस दौरान बाजार परिसर में घंटों तक गहमागहमी का माहौल बना रहा। व्यापारियों का कहना था कि बिना वैकल्पिक व्यवस्था के दुकानों और ढांचों को हटाना उनके रोजगार पर असर डालेगा। विरोध बढ़ने पर प्रशासनिक अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला। मौके पर मौजूद तहसीलदार एवं नगर पालिका की सीएमओ ने सब्जी व्यापारियों और स्थानीय लोगों से चर्चा कर उन्हें समझाया कि हटरी बाजार का सौंदर्यीकरण और व्यवस्थित निर्माण किया जाना है, जिससे भविष्य में व्यापारियों और आम नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। लंबी चर्चा के बाद प्रशासन और व्यापारियों के बीच सहमति बनी। जानकारी के अनुसार पहले 70 प्रतिशत निर्माण एवं व्यवस्था कार्य पूरा किया जाएगा, उसके बाद शेष 30 प्रतिशत हिस्से में आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। इस प्रस्ताव पर अधिकांश व्यापारियों ने सहमति जताई, जिसके बाद विवाद शांत हुआ। प्रशासन का कहना है कि हटरी बाजार को आधुनिक और सुव्यवस्थित स्वरूप देने के लिए यह कार्य किया जा रहा है, जबकि व्यापारियों ने भी अपने रोजगार की सुरक्षा के साथ विकास कार्य में सहयोग देने की बात कही है।

# एसईसीएल सबस्टेशन से केबल लूटने वाले आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत एसईसीएल बलगी प्रधान सुरक्षा प्रहरी संजय कुमार उम्र 40 साल पिता स्व. समयलाल लदेर ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 23 मई को 1:30 बजे लगभग बलगी सब स्टेशन में चोरों के द्वारा बलात प्रवेश कर गाली गलौच मारपीट कर पाईप एवं केबल चोरी कर ले गये तथा जान से मारने की धमकी देते हुए सौ मीटर केबल कीमती लगभग 4 हजार रूपये को अर्जुन सिंह, निखिल, दीपक केंवट उर्फ अंकु, एक अन्य उनके साथी के द्वारा चोरी कर ले गये हैं मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर पतासाजी में लिया गया। मामले में पुलिस ने आरोपी अर्जुन सिंह, 1 अपचारी बालक को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया दोनों आरोपियों ने लूटे गये केबल को आरोपी दीपक केंवट उर्फ अंकु के पास रखना बताये। जो दीपक केंवट उर्फ अंकु एवं अन्य फरार है। आरोपी अर्जुन सिंह के पेश करने पर एक नग मोटर सायकल क्र. सीजी 12 बी एस 7092 जप्त किया गया है तथा आरोपी अर्जुन सिंह एवं अपचारी बालक के विरूद्ध विधिवत कार्यवाही कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। वहीं अन्य फरार आरोपियों की पता तलाश किया जा रहा है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

# कबाड़ से भरे दो वाहनों को किया जप्त

**कोरबा।** कोरबा पुलिस ने कबाड़ तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए मानिकपुर और उरगा थाना क्षेत्र से कबाड़ से भरे दो वाहनों को जब्त किया है। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर कबाड़ियों के खिलाफ जिला पुलिस निरंतर कार्यवाही कर रही है। उरगा थाना प्रभारी नवीन पटेल ने कबाड़ से भरे एक स्वराज माजदा को जब्त किया है और धारा 106 के तहत कार्यवाही की है। इसी तरह मानिकपुर चौकी प्रभारी परमेश्वर राठौर ने भी गश्त के दौरान बाईपास रोड पर संदिग्ध हालत में खड़े स्वराज माजदा को पकड़ा। जांच में ट्रक कबाड़ से खचाखच भरा मिला। ड्राइवर के पास परिवहन का कोई वैध दस्तावेज नहीं था। इसके खिलाफ भी धारा 106 के तहत जांच की जा रही है।




## जिले के पांचों ब्लाकों के पदाधिकारियों से चर्चा कर बनाई रणनीति

# पूर्व उपमुख्यमंत्री ने जिले में चलाया व्यापक जनसंपर्क अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ के पूर्व उपमुख्यमंत्री टी.एस. बाबा के दो दिवसीय कोरबा प्रवास ने पूरे जिले में कांग्रेस कार्यकर्ताओं, आदिवासी समाज, युवाओं एवं आम जनता में नया उत्साह और ऊर्जा का संचार कर दिया। जल-जंगल-जमीन एवं आदिवासी अधिकारों की रक्षा के समर्थन में 24 मई को बुका में आयोजित विशाल आदिवासी महासम्मेलन में शामिल होने पहुंचे टी.एस. बाबा ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर आदिवासियों के पारंपरिक अधिकारों को छीनने का गंभीर आरोप लगाया।



कार्यकर्ताओं से मिलते पूर्व उपमुख्यमंत्री।

उन्होंने कहा कि वर्षों पूर्व बांगो बांध निर्माण के कारण विस्थापित हुए आदिवासी परिवारों को जीविकोपार्जन हेतु बांध क्षेत्र में मत्स्याखेट की अनुमति दी गई थी लेकिन वर्तमान भाजपा सरकार ने उनके इस अधिकार को समाप्त कर ठेकेदारी प्रथा लागू कर दी है, जिससे हजारों आदिवासी परिवारों के सामने आजीविका का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। बाबा ने कहा कि कांग्रेस हमेशा आदिवासियों, किसानों, मजदूरों एवं गरीब वर्ग के अधिकारों की लड़ाई लड़ती रही है और आगे भी लड़ती रहेगी। बुका कार्यक्रम के पश्चात टी.एस. बाबा ने जिले में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया। कटघोरा पहुंचने पर उन्होंने नगर पालिका अध्यक्ष राज जायसवाल, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष रतन मित्तल एवं डॉ. शेख इश्तियाक एवं युवा नेता शिवम् गुप्ता के निवास पर पहुंचकर भेंट मुलाकात की। इसके बाद वे एन.टी.पी.सी. गेस्ट हाउस कावेरी भवन पहुंचे जहां रात्रि विश्राम किया। 25 मई को दर्री क्षेत्र में उन्होंने पूर्व सभापति धुरपाल सिंह कंवर, जमनीपाली मंडल अध्यक्ष रोपा तिर्की एवं दर्री मंडल अध्यक्ष इकबाल कुरैशी के निवास पहुंचकर स्थानीय नागरिकों से मुलाकात की। प्रत्येक स्थान पर नागरिकों, कांग्रेसजनों एवं युवाओं ने पुष्पमालाओं, आतिशबाजी एवं बैंड-बाजों के साथ उनका भव्य स्वागत किया। यात्रा मार्ग में अनेक स्थानों पर आम जनता ने आत्मीय स्वागत कर अपनी समस्याएं बाबा के समक्ष रखीं। बालकोनगर क्षेत्र में टी.एस. बाबा ने नेता प्रतिपक्ष कृपा राम साहू के निवास पहुंचकर जनसमस्याएं सुनीं। इसके बाद भदरापारा निवासी बालकोनगर ब्लॉक अध्यक्ष ए.डी. जोशी के निवास पर ग्रामीणों से संवाद किया, जहां लोगों ने बिजली, पेयजल, रोजगार एवं मूलभूत सुविधाओं की समस्याओं से अवगत कराया, इसी प्रकार चेक पोस्ट निवासी पड़ीमार क्षेत्र ब्लाक अध्यक्ष देवीदयाल सोनी के निवास पर पहुंच परिजनों व आम नागरिकों से भेंट मुलाकात किया। रविशंकर शुक्ल नगर में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव विकास सिंह के निवास पर युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। इसके बाद पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल के निवास पर मीडिया से चर्चा करते हुए बाबा ने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियों से प्रदेश की आम जनता परेशान है तथा किसानों, आदिवासियों एवं युवाओं के हितों की लगातार अनदेखी की जा रही है।

